शिविर

तीन दिवसीय 'गीतों में गीता का ज्ञान' संगीतमय मेडिटेशन राजयोग शिविर का शुभारंभ

# संगीत से ज्ञान को आत्मसात करना होता है सरल

**नवभारत,जबलपुर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित तीन दिवसीय 'गीतों में गीता का ज्ञान' संगीतमय मेडिटेशन राजयोग शिविर का शुभारंभ मंगलवार को शिव उपहार भवन में हुआ। उद्घाटन समारोह में दीप प्रज्वलन और ईश्वरीय स्मृति के साथ कार्यक्रम का विधिवत प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मोतीलाल शिवहरे, चमन सालावार, विजय कुमार तिवारी, ब्रह्माकुमारी विमला दीदी और ब्रह्माकुमार अविनाश द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया गया। उद्घाटन सत्र में 'आत्म अनुभव, आत्म दर्शन ', 'परमात्म अनुभव, परमात्म दर्शन' और 'स्वर्णिम भारत दर्शन' जैसे विषयों पर आकर्षक प्रस्तुतियाँ हुईं। भजन-संगीत और श्रेष्ठ चिंतन ने वातावरण को अत्यंत आध्यात्मिक और ऊर्जा-पूर्ण बना दिया। संचालन ब्रह्माकुमारी पूजा दीदी ने किया।

### संगीत और गीता ज्ञान का संगम

विदर्भ क्षेत्र के प्रसिद्ध गायक और वक्ता ब्राह्माकुमार अविनाश भाई ने मधुर गीतों और प्रेरक संदेशों के माध्यम से उपस्थित जनसमूह को आत्म-अनुभूति और परमात्म-अनुभूति से परिचित कराया। उन्होंने कहा कि संगीत के माध्यम से ज्ञान को आत्मसात करना सरल और प्रभावशाली होता है, जो जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाता है। आयोजकों ने बताया कि शिविर 2 अप्रैल 2026 तक प्रतिदिन सायं 5 से 7 बजे तक आयोजित होगा। शहरवासियों को इस आध्यात्मिक अवसर का लाभ उठाने के लिए आमंत्रित किया गया।

### राजयोग मेडिटेशन का अभ्यास जीवन में लाता है स्थिरता

ब्राह्माकुमारी विमला दीदी ने बताया कि प्रतिदिन 10 मिनट और 10 मिनट सायं राजयोग मेडिटेशन का अभ्यास जीवन में स्थिरता, शक्ति और आत्मिक शांति लाता है। ब्राह्माकुमार अविनाश भाई ने भी कहा कि आज के तनावपूर्ण जीवन में बाहरी सुख के बावजूद आंतरिक शांति आवश्यक है और राजयोग इसे सहज रूप से प्रदान करता है।

## मंदिरों में सजावट और धार्मिक आयोजन की तैयारी

2 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव पर होंगे विविध धार्मिक आयोजन

**नवभारत, जबलपुर।** 2 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर शहर के सभी हनुमान मंदिरों में भव्य सजावट की गई है। मंदिरों को फूलों, झंडों और रंग-बिरंगी रोशनी से सजाया गया है, जिससे माहौल भक्तिमय और उल्लासपूर्ण हो गया है। इस अवसर पर विभिन्न समितियों द्वारा कई धार्मिक आयोजन किए जाएंगे। मंदिरों में भजन-कीर्तन, आरती, हनुमान चालीसा पाठ और विशेष पूजा का कार्यक्रम रखा गया है।

### सुंदरकांड पाठ एवं भंडारे का होगा आयोजन

शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या विद्यालय (एम.एल.बी.), राइट टाउन स्थित श्री हनुमान मंदिर प्रांगण में श्री हनुमान भक्त मंडल एवं श्री राम सेवा समिति जाबालिपुरम् के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार, 2 अप्रैल को श्री हनुमान प्राकट्योत्सव का भव्य आयोजन होगा। संधि कार्यक्रम प्रातः 5 बजे चोला अर्पण पूजा-अर्चना के साथ शुरू होगा। इसके बाद संगीतमय सुंदरकांड पाठ और हवन-यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। विशेष आकर्षण के रूप में मानस मंडल (नेमा समाज) द्वारा सुंदरकांड पाठ की प्रस्तुति दी जाएगी। दोपहर 12 बजे सभी श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसाद (भंडारा) का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम संयोजक डॉ. प्रमोद श्रीवास्तव ने बताया कि यह आयोजन विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं श्रद्धालुओं के बीच आध्यात्मिक, नैतिक एवं सांस्कृतिक चेतना बढ़ाने का माध्यम है। समिति में श्रीमती रुक्मणी कनौजिया, डॉ. संदीप नेमा, सी. के. मेहरा, डॉ. शुभम जैन, प्रभा मिश्रा, अर्चना पाठक, श्याम बाल्मीकि, उषा चांसोरिया, नीरजा व्यास, ललिता सिंह, मंजूषा मेराल सहित अन्य सदस्य सक्रिय हैं। समिति ने सभी रामभक्त श्रद्धालुओं से सपरिवार उपस्थित होकर पुण्य लाभ लेने की अपील की है।

### सुन्दरकाण्ड पाठ और भजन संध्या आज

**नवभारत,जबलपुर।** भारतीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के वंशज एवं समाजसेवी स्व. सतीश नामदेव (एडवोकेट/नोटरी) के 66वें अवतारदिवस पर आज 1 अप्रैल 2026 को उनके निवास स्थान राइट टाउन, पी.सी. ज्वेलर्स के पास महाराष्ट्र स्कूल के सामने, शाम 7 बजे सुन्दरकाण्ड पाठ एवं भजन संध्या आयोजित की जाएगी। स्व. सतीश नामदेव ने अपने छात्र जीवन से समाज सेवा में सक्रिय योगदान दिया और विधि क्षेत्र में ईमानदारी के साथ कार्य किया। समाजसेवी मनोज नामदेव, रामकुमार गुप्ता, एड. योगेश नामदेव और एड. शैलेष सतीश नामदेव ने सभी गढ़मान्यजन और स्नेहियों से उपस्थित होकर पुण्यलाभ लेने का आग्रह किया है।

### श्री सिद्धपीठ हनुमान मंदिर में होंगे विविध आयोजन

नवभारत,जबलपुर। श्री सिद्धपीठ हनुमान मंदिर, आगासौद पाटन मार्ग में 1और 2 अप्रैल 2026 को हनुमान जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। जानकारी के अनुसार 1 अप्रैल को अखण्ड मानस पाठ आयोजित होगा और 2 अप्रैल को सुबह 8 बजे ग्राम टिमरी से भव्य झंडा वंदन शोभायात्रा एवं रामरथ यात्रा निकलेगी, जिसमें बड़े हनुमान और शंकर जी की झाँकियाँ होंगी। दलदल घोड़ी, मयूर नृत्य, बैण्डबाजा और डी.जे. के साथ सांस्कृतिक प्रस्तुति दी जाएगी। आयोजन समिति के सदस्य पुजारी प्रकाश सिंह राजपूत, परिमिंदर सिंह (बबूल भैया), चौपरा जी, दिनेश पटेल, राजकुमार दर्पण, भगवत सिंह, रामपाल सिंह, देवी सिंह, सुरेंद्र सिंह और सुनील पटेल ने श्रद्धालुओं से मंदिर प्रांगण में दर्शन और उपस्थिति का आग्रह किया है।

### एक नजर में

### दिल्ली पदस्थापना पर पीएफ कमिश्नर को दी विदाई

**नवभारत,जबलपुर।** केंद्रीय कार्यकारिणी द्वारा आयोजित एक भव्य समारोह में पीएफ कमिश्नर एवं के सेक्रेटरी राकेश सहरावत को उनके स्थानांतरण पर भावभीनी विदाई दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रिंसिपल कमिश्नर इनकम टैक्स सविता बुंदास ने की। उन्होंने सहरावत को कमेटी का आधार स्तंभ बताते हुए उनके कुशल नेतृत्व और समन्वय क्षमता की सराहना की। पूर्व दूरदर्शन निदेशक अविनाश दुर्गे ने उनके चार वर्षों के कार्यकाल का विस्तृत विवरण प्रस्तुत करते हुए उनके योगदान को उल्लेखनीय बताया। इस दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारियों आर .आर . पांडे, सतीश कुमार राठी, नवीन वैद्य, आशीष श्रीवास्तव सहित अन्य ने भी अपने विचार व्यक्त किए। अंत में सहरावत ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया और इस सहयोग व स्नेह को जीवनभर याद रखने की बात कही।

### प्रभारी प्राचार्या को सेवानिवृत्ति पर दी विदाई

**नवभारत,जबलपुर।** एकीकृत शासकीय हाई स्कूल निखरी में पदस्थ प्रभारी प्राचार्या श्रीमती उमा गुप्ता अपने शासकीय दायित्वों का सफल निर्वहन करते हुए सेवानिवृत्त हो गईं। इस अवसर पर विद्यालय परिवार द्वारा समारोह में प्रभारी प्राचार्या श्रीमती उमा गुप्ता को भावभीनी विदाई दी गई। समारोह में स्कूल स्टाफ के साथ उनके परिवारजन भी उपस्थित रहे और सभी ने उनके स्वस्थ एवं सुखद भविष्य की कामना की।

### कृषि महाविद्यालय के डीन डॉ . भट्ट हुए सेवानिवृत्त

**नवभारत,जबलपुर।** कृषि महाविद्यालय जबलपुर के अधिष्ठाता डॉ . जयंत भट्ट 31 मार्च 2026 को 39 वर्षों की उल्लेखनीय सेवा पूर्ण कर सेवानिवृत्त हो गए। इस अवसर पर स्वामी विवेकानंद सभागार में आयोजित अभिनंदन समारोह में कुलपति डॉ . प्रमोद कुमार मिश्रा मुख्य अतिथि रहे तथा अधिष्ठाता कृषि संकाय डॉ . धीरेन्द्र खरे ने अध्यक्षता की। कुलपति डॉ . पी .के . मिश्रा ने डॉ . भट्ट को साल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया और उनके उत्कृष्ट कार्यकाल की सराहना की। समारोह में सभी विभागाध्यक्ष, प्राध्यापक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे और डॉ . भट्ट को भावभीनी विदाई दी।

### 37 वर्षों की सेवा के बाद अजय दुगड़ हुए सेवानिवृत्त

**नवभारत,जबलपुर।** कंपनी के मुख्य महाप्रबंधक (संचा./संधा.) अजय दुगड़ 37 वर्षों की गौरवपूर्ण सेवा के बाद सेवानिवृत्त हुए। इस अवसर पर प्रबंध संचालक अजय गुप्ता की अध्यक्षता में कंपनी के बोर्ड रूम में गरिमामय समारोह आयोजित हुआ। श्री दुगड़ को सेवानिवृत्ति प्रमाण-पत्र और कंपनी के लोगो सहित दीवाल घड़ी देकर सम्मानित किया गया। समारोह में श्रीमती संपदा सराफ गुर्जर, एस .के . भागवतकर, अशोक सिंह धुर्वे, ए .के . तिवारी, अरविंद सक्सेना, प्रशांत गुप्ता, जी .डी . वासनिक, विक्रम भास्कर, एस .के . गिरिया सहित अनेक अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे। समारोह के अंत में सभी ने श्री दुगड़ को भावभीनी विदाई दी और उनके सुखद एवं समृद्ध भविष्य की कामना की।

### सेवानिवृत्त हुये 9 अधिकारियों को दी गई विदाई

**नवभारत,जबलपुर।** सेवानिवृत्त हुये 9 अधिकारियों को मंगलवार शाम 6 बजे पुलिस कन्ट्रोलरूम जबलपुर में भावभीनी विदाई दी गई। जानकारी अनुसार 62 वर्ष की आयु पूर्ण करने पर कार्यवाहक निरीक्षक लखन चौधरी पुलिस लाईन, हरदयाल सिंह थाना, कार्यवाहक उप निरीक्षक बिनोद दुबे, सहायक उप निरीक्षक बैजनाथ प्रसाद दुबे, शीतला देवी तिवारी, कार्यवाहक सहायक उप निरीक्षक कमलेश सिंह ठाकुर, विजय कुमार मन्नेवार,सुरेश कुमार तिवारी, कार्यवाहक प्रधान आरक्षक रामकुमार मिश्रा को पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय के मार्गदर्शन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सूर्यकांत शर्मा, एएसपी यातायात सुश्री अंजना तिवारी एवं रक्षित निरीक्षक जय प्रकाश आर्य की उपस्थिति में सुखद स्वस्थ एवं दीर्घायु की कामना करते हुये स्मृति चिन्ह के साथ साथ अवकाश नगदीकरण, बीमा, पैंशन, ग्रेज्युटी, के दस्तावेज भेंट करते हुये भावभीनी विदाई दी गयी।

## विद्यार्थियों को आधुनिक शैक्षणिक संसाधन कराए उपलब्ध

एमपीपीजीसीएल ने शासकीय विद्यालयों में शिक्षा उन्नयन के लिए दी सहायता

**नवभारत, जबलपुर।** मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड (एमपीपीजीसीएल) ने अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) नीति के तहत शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रामपुर में शिक्षा उन्नयन हेतु महत्वपूर्ण पहल की। इस पहल के अंतर्गत हेल्प फाउंडेशन के माध्यम से 500 से अधिक विद्यार्थियों को शैक्षणिक संसाधन, साइंस लैब उपकरण, स्मार्ट बोर्ड, खेल सामग्री, पाठ्य-पुस्तकें और स्वच्छ जल की सुविधा प्रदान की गई। संस्था प्रमुख रजनीश धर द्विवेदी ने कहा कि शिक्षा में निवेश समाज के समग्र विकास की आधारशिला है। यह एमओयू का पहला सफल पड़ाव है और अन्य शहरों में भी जल्द विस्तार किया जाएगा। कार्यक्रम में जबलपुर जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी, एमपीपीजीसीएल के कार्यपालक निदेशक (मानव संसाधन व प्रशासन) दीपक कश्यप, अतिरिक्त मुख्य अभियंता (ट्रेनिंग) अशोक कुमार तिवारी और महाप्रबंधक खुशबू शर्मा उपस्थित रहे। हेल्प फाउंडेशन की ओर से रजनीश धर द्विवेदी, डॉ. अथिरा नायर, श्रद्धा श्रीवास्तव, तुषार सारीन और विकास समन्वयक बृजेश प्रताप सिंह तथा पूरी एजेक्स टीम मौजूद रही। इस पहल से विद्यार्थियों को आधुनिक और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा संसाधन मिलेंगे और उनकी सीखने की क्षमता सुदृढ़ होगी।

## कल निकलेगी 501वीं नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा

**नवभारत,जबलपुर।** चैत्र पूर्णिमा एवं हनुमान जयंती के पावन अवसर पर कल 2 अप्रैल, गुरुवार को 501वीं नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा भेड़ाघाट से निकाली जाएगी। यह परिक्रमा प्रातः 7 बजे हरे कृष्ण आश्रम से संत-महात्माओं के सानिध्य में प्रारंभ होगी। परिक्रमा मार्ग में बेनगंगा पुल, पंचवटी, 64 योगिनी मंदिर, धुआंधार, कल्याण तपोवन, लामेटा घाट सहित कई धार्मिक स्थलों से होते हुए यात्रा सम्पन्न होगी। आश्रम के संस्थापक स्वामी रामचंद्र दास महाराज द्वारा बद्रीनाथ धाम से पूजित गोमती चक्र का वितरण किया जाएगा। समापन हरे कृष्ण आश्रम में विशाल भंडारे के साथ होगा। आयोजकों ने श्रद्धालुओं से अधिक संख्या में शामिल होकर धार्मिक लाभ प्राप्त करने की अपील की है।

## जरूरतमंद महिला को सिलाई मशीन भेंट

गहोई सभा चैरिटेबल न्यास ने स्वरोजगार के लिए बढ़ाया सहयोग

**नवभारत,जबलपुर।** सामाजिक सेवा के अंतर्गत गहोई सभा चैरिटेबल न्यास द्वारा ग्रीन सिटी निवासी श्रीमती मोहनी सुहाने को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सिलाई मशीन प्रदान की गई।

यह वितरण पंचायती भवन, तमरहाई चौक में आयोजित कार्यक्रम के दौरान किया गया। न्यास के अध्यक्ष गोपाल दास नीखरा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनंत राम बड़ेरिया, उपाध्यक्ष शंभू दयाल बड़ेरिया, महामंत्री एड. अशोक गुप्ता, कोषाध्यक्ष अरुण खर्द सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे। न्यास के सदस्यों ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य जरूरतमंद महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़कर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने महिला के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## नाटिका 'आरती' ने दर्शकों को हंसा-हंसाकर किया लोटपोट

धार्मिक आस्थाओं और भौतिक सुखों के बीच फंसी मान्यताओं पर हास्य का जबरदस्त मंचन

**नवभारत, जबलपुर।** सीनियर सिटीजन क्लब में 15 मिनट की हास्य नाटिका 'आरती' ने दर्शकों को हंसा हंसाकर लोटपोट कर दिया। लक्ष्मणसिंह चौहान द्वारा लिखित और स्वयं तथा सुनीता चौहान द्वारा अभिनीत इस नाटक में धार्मिक आस्थाओं और भौतिक सुखों के बीच फंसी मान्यताओं को बेहद मजेदार अंदाज में पेश किया गया। राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त हास्य सम्राट नायक को आकर्षक ट्रॉफी और पुष्पहार से सम्मानित किया गया। नायक ने भी हास्य फुलझड़ियों से मंच की रौनक बढ़ाई। गायक विजय और रश्मि श्रीवास्तव ने हरिओम शरण के भजन प्रस्तुत कर हंसी पर विराम लगाया। जादूगर एस के निगम के संयोजन में संध्या का संचालन नीरज शुक्ला ने किया और आभार प्रदर्शन विंग कमांडर चन्दन शर्मा ने किया। कार्यक्रम में जसबीर चोपड़ा, राजकुमारी रैकवार, सुनीता जायसवाल मेंहदीरत्ता, डॉ. लिआयो, आई के अग्रवाल, अनूप खरे, रिटायर्ड कमिश्नर दिनेश स्थापक, प्रमोद जैन ने भी अपनी प्रस्तुतियां दीं।

## पत्रकारों व परिजनों ने लिया नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का लाभ

**नवभारत,जबलपुर।** शहर के प्रतिष्ठित शैल्बी अस्पताल में पत्रकारों एवं उनके परिवारजनों के लिए नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 80 से अधिक लोगों ने भाग लेकर लाभ प्राप्त किया। शिविर में सभी विभागों की बाह्य रोगी सेवाएं (ओपीडी) नि:शुल्क प्रदान की गईं। साथ ही रक्तचाप (बीपी), ऑक्सीजन स्तर (एसपीओ२), हृदय जांच (ईसीजी) और फेफड़ा जांच (पीएफटी) जैसी आवश्यक जांचें भी बिना शुल्क के की गईं। अन्य जांचों पर 20 प्रतिशत तथा दवाइयों पर 10 प्रतिशत की छूट दी गई। अस्पताल के इकाई प्रमुख एवं चिकित्सा अधीक्षक डॉ. संदीप श्रीवास्तव ने बताया कि संस्था समय-समय पर ऐसे जनसेवा कार्यक्रम आयोजित करती रहती है। वहीं उप मुख्य प्रशासनिक अधिकारी अंकित जैन ने कहा कि पत्रकार लोकतंत्र का चौथा स्तंभ हैं, इसलिए उनकी सेवा के उद्देश्य से यह शिविर आयोजित किया गया। शिविर में अस्थि रोग, तंत्रिका रोग, स्त्री एवं प्रसूति रोग, हृदय रोग सहित सभी प्रमुख विभागों की नि:शुल्क परामर्श सेवाएं उपलब्ध कराई गईं, जिसे प्रतिभागियों ने अत्यंत उपयोगी बताया।

## पंजाबी समाज का राष्ट्रीय परिचय सम्मेलन 11-12 को

कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर हुई बैठक

**नवभारत,जबलपुर।** पंजाबी हिन्दू एसोसियेशन के तत्वावधान में 34वां राष्ट्रीय पंजाबी युवक-युवती वैवाहिक परिचय सम्मेलन 11 व 12 अप्रैल 2026 को नेपियर टाउन स्थित संस्था कार्यालय में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारियों को भव्य रूप देने के लिए संस्था अध्यक्ष नरेन्द्र मलिक की अध्यक्षता में बैठक आयोजित कर विभिन्न समितियों का गठन किया गया। बैठक में स्वागत, आवास, पंजीयन, पूछताछ, मंच संचालन, जोड़ी मिलान, कार्ड घोषणा, भोजन, मेडिकल एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए प्रभारियों की जिम्मेदारियां तय की गईं। जनसंपर्क अधिकारी उमेश शर्मा ने बताया कि इस वर्ष पंजीयन ने पुराने रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं और संख्या 200 के पार पहुंचकर तेजी से बढ़ रही है। मैरेज ब्यूरो प्रभारी सुशील आनंद के अनुसार देशभर से डॉक्टर, इंजीनियर, व्यवसायी, प्रोफेशनल, विधुर व तलाकशुदा युवक-युवतियों के बायोडाटा एक ही मंच पर उपलब्ध होंगे। बैठक में इंदर बिरमानी, आर.के. कपूर, प्रमोद मरवाहा, नरेन्द्र धमीजा, उमेश शर्मा, अंशुल मलिक, उमेश खुराना, प्रदीप वाधवा, संजीव गुलाटी, दीपक वर्मा, उषा खुराना, आशीष खुराना और भारत कपूर सहित महिला समिति व यूथ क्लब के सदस्य उपस्थित रहे।

व्याख्यान

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में 'भारतीय ज्ञान परंपरा में शोध' पर व्याख्यान

## प्राचीन ज्ञान को आधुनिक विज्ञान से जोड़कर नई संभावनाओं का होगा विकास

**नवभारत,जबलपुर।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय महाकोशल कॉलेज में प्रो. उमेश कुमार सिंह (हिंदी विभाग) द्वारा 'भारतीय ज्ञान परंपरा में शोध' विषयक व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता प्रो. सिंह ने भारतीय ज्ञान परंपरा की गहराई और उसकी समकालीन प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि शोध के माध्यम से प्राचीन ज्ञान को आधुनिक विज्ञान और तकनीक के साथ जोड़कर नई संभावनाओं का विकास किया जा सकता है। वेद, उपनिषद, योग, आयुर्वेद और भारतीय दर्शन की वैज्ञानिकता एवं व्यावहारिक उपयोगिता पर भी चर्चा की गई। प्राचार्य डॉ. अलकेश चतुर्वेदी ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा को आधुनिक पद्धति से जोड़ना समय की आवश्यकता है। कार्यक्रम संयोजक और हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो. अरुण शुक्ल ने युवाओं को शोध के प्रति प्रेरित करने और भारतीय परंपरा को वैश्विक मंच पर स्थापित करने का उद्देश्य बताया। मंच संचालन डॉ. तृप्ति उकास ने किया।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में डॉ. नीना उपाध्याय, डॉ. ज्योति जैन, डॉ. मनोज प्रियदर्शन, डॉ. ज्योति जुनगरे, डॉ. इंद्र कुमार बड़कड़े, डॉ. मनोज विश्वकर्मा, डॉ. ज्ञानेश पांडेय, डॉ. रुकमणि अहिरवार, श्रीमती लल्लाबाई लोधी, डॉ. महेन्द्र कुशवाहा, डॉ. कमलेश मौर्य, डॉ. अनिल यादव, डॉ. सुदेश मेहलोरिया सहित महाविद्यालय के अनेक प्राध्यापक और शोधार्थी उपस्थित रहे।

## गुंजन कला सदन द्वारा गीत-संगीत निशा आज

**नवभारत,जबलपुर।** गुंजन कला सदन मध्यप्रदेश द्वारा आज 1अप्रैल को संध्या 6.30 बजे से शहीद स्मारक भवन, गोलबाजार में एक ही कलाकार श्रृंखला के अंतर्गत गायक रज्जन सूर्यवंशी के मधुर गीतों की संध्या आयोजित है । वे भजन, लोकगीत, गजल और फिल्मी गीत प्रस्तुत करेंगे । इस अवसर पर अजय विश्नोई, अभिलाष पांडे, आशीष रस्तोगी, राजेश दीवान, सेठ बालकिशन एवं रमेश चौधरी आतिथ्य करेंगे ।